हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 24 अगस्त 2026

04 संयुक्त कार्रवाई में मावा पनीर और घरेलू...



07 अभा अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद ने जिले का सम्मेलन आयोजित...



समाचार संक्षेप

खाटू श्याम मंदिर में 8 लाख के नोटों से बाबा का भव्य श्रृंगार

कुंभराज। खाटू श्याम मंदिर कुंभराज में रविवार को बाबा श्याम का भव्य, दिव्य एवं अद्भुत श्रृंगार किया गया। मंदिर समिति द्वारा लगभग 8 लाख रुपये के नोटों से बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे देखने और दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। बाबा श्याम के मनमोहक श्रृंगार के दर्शन कर भक्त भाव-विभोर हो गए। श्रद्धालुओं ने मंदिर समिति एवं समिति के सदस्यों द्वारा की गई व्यवस्थाओं और भव्य आयोजन की सराहना की।आयोजन के दौरान करीब 25 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कुंभराज के अलावा आसपास के क्षेत्रों एवं दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का दिनभर आवागमन बना रहा। इस अवसर पर अनेक निशान यात्राएं भी मंदिर पहुंचीं। श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते और बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए निशान लेकर मंदिर पहुंचे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और "जय श्याम" के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा।



रामेश्वरम यात्रा के लिए 1 सितंबर तक करें आवेदन

गुना । मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत गुना जिले से दिनांक 07 सितम्बर 2026 से 12 सितम्बर 2026 तक रामेश्वरम तीर्थ यात्रा प्रस्तावित है। यात्रा में गुना जिले से 196 यात्री तथा 04 अनुरक्षक की भागीदारी निर्धारित है। यात्रा में सम्मिलित होने के इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र 20 अगस्त 2026 से 1 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से संबंधित नगरपालिका एवं जनपद पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। पात्रता मध्यप्रदेश के मूल निवासी को मिलेगी। आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए तथा उसकी आयु 60 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। महिलाओं के लिए न्यूनतम आयु 58 वर्ष निर्धारित है। 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों पर आयु सीमा लागू नहीं होगी। पति-पत्नी में से किसी एक के पात्र होने पर जीवनसाथी भी यात्रा के लिए पात्र होगा। अधिकतम 25 व्यक्तियों का समूह आवेदन कर सकता है, जिसमें समूह प्रमुख मुख्य आवेदक होगा। आवेदक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा किसी संक्रामक रोग से ग्रसित नहीं होना चाहिए। इसके लिए चिकित्सीय प्रमाण-पत्र आवश्यक रहेगा। 65 वर्ष से अधिक आयु के अकेले यात्री तथा 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग यात्री अपने साथ एक सहायक (केयर टेकर) ले जा सकेंगे।

ऑटो चालक एकता यूनियन सीटू के सम्मेलन में मोंटी बने स्टेशन अध्यक्ष

गुना। रेलवे स्टेशन गुना पर रविवार को ऑटो चालक एकता यूनियन (सीटू) का सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से चुनाव कराया गया, जिसमें राजशेखर चक्रवर्ती उर्फ मोंटी को ऑटो चालक एकता यूनियन (सीटू) का गुना रेलवे स्टेशन अध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन के दौरान आयोजित सभा को सीटू के राज्य उपाध्यक्ष डॉ. विष्णु शर्मा और एडवोकेट पुष्पराग शर्मा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने चालकों की वर्तमान समस्याओं और चुनौतियों पर चर्चा करते हुए अधिकारों के लिए संघर्ष व संगठन की एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सीटू जिला महासचिव कल्याण सिंह लोधी ने किया। इस दौरान यूनियन के सभी प्रमुख पदाधिकारी व चालक मौजूद रहे।

नियमितीकरण करें या दें इच्छामृत्यु, मांगों को लेकर छुट्टी के दिन पहुंचे अतिथि शिक्षक

कलेक्ट्रेट में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अपनी वर्षों पुरानी मांगों, भविष्य को सुरक्षित करने और स्थाईकरण की गुहार लेकर रविवार को छुट्टी के दिन बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक कलेक्टोरेट परिसर पहुंचे। अतिथि शिक्षक समन्वय समिति मध्यप्रदेश के बैनर तले एकत्रित हुए शिक्षकों ने राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शिक्षकों ने साफ तौर पर कहा कि या तो शासन उनके नियमितीकरण की स्थाई नीति बनाए या फिर उन्हें इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए। ज्ञापन में ध्यानाकर्षण कराते हुए प्रतिनिधियों ने बताया कि अतिथि शिक्षक विगत 18 वर्षों से बेहद अल्प मानदेय पर अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। शिक्षा विभाग की रीढ़ माने जाने वाले ये शिक्षक 70 से 80 किलोमीटर दूर जाकर भी पूरी लगन से अध्यापन कार्य कराते हैं। इसके बावजूद सीधी भर्ती, प्रमोशन और ट्रांसफर जैसी नीतियों के कारण उन्हें कभी भी सेवा से पृथक कर बेरोजगार कर दिया जाता है। उन्हें समान कार्य समान वेतन तो दूर, समय पर मानदेय भी नहीं मिल पा रहा है।



2 शिक्षकों को नोटिस, 2 अतिथि शिक्षकों की सेवाएं समाप्त

गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार शासकीय हाईस्कूल घटावदा, विकासखंड आरोन में 17 अगस्त 2026 को हुई घटना के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर द्वारा कार्रवाई करते हुए 02 शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र और 02 अतिथि शिक्षकों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं।जारी आदेशानुसार प्रकरण की जांच विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरोन की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति द्वारा की गई। जांच प्रतिवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी राठौर द्वारा शासकीय हाईस्कूल घटावदा के प्राचार्य मूलचंद कौशिक (मूल पद उ.मा.शि.) एवं माध्यमिक शिक्षक शिवप्रसाद सिंह जाट को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।इसी प्रकार कक्षा में निर्धारित कालखंड के दौरान अनुपस्थित पाए जाने के आधार पर अतिथि शिक्षक रामकिशोर शर्मा एवं रणवीर सिंह धाकड़ की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश जारी किए गए हैं।

अतिथि शिक्षकों ने शासन के सामने 8 सूत्रीय प्रमुख मांगें रखी हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि 7 या उससे अधिक सत्रों में कम से कम 1000 कार्यदिवस पूर्ण करने वाले अतिथि शिक्षकों को संविदा शिक्षक बनाया जाए। इसके अलावा स्थाई शिक्षकों के साथ प्राथमिक व माध्यमिक पात्रता परीक्षा में शामिल करने, उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में ईडब्ल्यूएस की भांति 10 प्रतिशत अर्हता अंकों में छूट देने तथा सेवाकाल के अनुसार बोनस अंक दिए जाने की मांग उठाई गई है। समिति ने यह भी मांग रखी है कि अतिथि शिक्षक भर्ती में रिक्त पदों पर फॉलेन आउट अतिथि शिक्षकों को सेवाकाल के अनुसार वरीयताक्रम में प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही ई-अटेंडेंस लॉगिन का समय सुबह 11 बजे और लॉग आउट का समय शाम 4 बजे तय किया जाए एवं प्रतिमाह 10 तारीख तक मानदेय का अनिवार्य रूप से भुगतान किया जाए। ज्ञापन में वर्षों से कार्यरत अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवा में रहते हुए एनआईओएस से डीएलएड कराने और शिक्षा मंत्री की पूर्व घोषणानुसार अवकाश प्रदान करने के संबंध में शीघ्र आदेश जारी करने का आग्रह किया गया है।

नेशनल हाईवे पर डीजल सिंडिकेट सक्रिय

ढाबे पर खड़े 3 कंटेनरों से हजारों का डीजल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



नेशनल हाईवे-46 पर रात के अंधेरे में ट्रकों और कमर्शियल वाहनों को निशाना बनाने वाला शातिर डीजल सिंडिकेट एक बार फिर सक्रिय हो गया है। ताजा मामला कैंट थानांतर्गत दुनाई गांव के पास स्थित एक ढाबे का है, जहां रविवार तडक़े करीब 3:45 बजे ढाबे किनारे खड़े तीन कंटेनरों के ताले तोडक़र अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये का डीजल उड़ा दिया। घटना की भनक लगते ही ढाबा संचालक ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित ट्रक ड्राइवरों ने बताया कि वे पटना से सूरत और मुजफ्फरपुर से इंदौर की ओर माल लेकर जा रहे थे। लंबा सफर होने के कारण वे रात में विश्राम करने के लिए दुनाई के पास ढाबे पर रुके थे। जब वे सो रहे थे, तभी फोर व्हीलर से आए गिरोह के सदस्यों ने कंटेनरों के फ्यूल टैंक के ताले तोडक़र भारी मात्रा में डीजल चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। सुबह जब ढाबा संचालक की नजर वाहनों पर पड़ी तो वारदात का खुलासा हुआ।

उल्लेखनीय है कि नेशनल हाईवे पर डीजल चोरी का यह सिंडिकेट लंबे समय से सक्रिय है, जो रोजाना लाखों रुपये के खेल को अंजाम दे रहा है। गिरोह के सदस्य लक्जरी या फोर व्हीलर वाहनों में सवार होकर निकलते हैं और हाईवे किनारे खड़े ढाबों पर सो रहे ट्रक ड्राइवरों को निशाना बनाते हैं। फिलहाल पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर हाईवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि इस अंतरराज्यीय डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके।

बोहरा समाज के जुलूस ने जीता दिल

सड़कों पर मोहब्बत, दिलों में अमन और जुबां पर वतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

दाऊदी बोहरा समाज द्वारा पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का अवतरण दिवस रविवार को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर समाज की ओर से एक भव्य चल समारोह निकाला गया, जो बोहरा मस्जिद से आरंभ होकर सुगन चौराहा, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, शास्त्री पार्क, भगतसिंह चौक सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः मस्जिद परिसर में आकर संपन्न हुआ।आमिल साहिब मुल्ला ताहिरअली की सदारत में निकले गरिमामयी और भव्य चलसमारोह का शहर के प्रतिष्ठितजन द्वारा विभिन्न जगहों पर स्वागत किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी नूरुल हसन नूर ने बताया कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब ने दुनियाभर में अमन-चैन, शांति और भाईचारे कायम रखने का संदेश दिया था उपस्थित सभी समाजजनों ने उनके बताए हुए नेक पदचिन्हों पर चलने और मानवता की सेवा करने का संकल्प लिया। जब नागरिक जुलूस में चल रहे समाजजन को गुलाब का फूल भेंट कर पैगम्बर साहब के जन्मदिवस की शुभकामनाएं और मुबारकबाद दे रहे थे तो अलग ही मंजर नजर आ रहा था। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे छोटे-छोटे बच्चे रहे, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान देशभक्ति की अनूठी मिसाल भी देखने को मिली, जब सभी ने समापन अवसर पर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन किया। इस अवसर पर शेख कुतुबुद्दीन अकोदिया वाला, शेख शब्बीर कत्था वाला, शेख मुख्तार हुसैन, शेख यावर हुसैन, मुल्ला हसनअली, मुल्ला बुरहानुद्दीन आदि मौजूद रहे।

दर्दनाक हादसा: मायके की खुशियां मातम में बदलीं

रक्षाबंधन पर भाई के पास जा रही वृद्धा को जीप ने रौंदा, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन नजदीक आते ही बहनें अपनों से मिलने और राखी बांधने मायके पहुंचने लगी हैं। इस खुशी के माहौल के बीच जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां मायके जा रही एक 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला सडक़ दुर्घटना की शिकार हो गईं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक बरखेड़ा सफा गांव की रहने वाली श्रीबाई यादव गत दोपहर अपने नाती कान्हा यादव के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर ऐंजवाड़ा स्थित अपने मायके जा रही थीं। यात्रा के दौरान जैसे ही उनकी बाइक बदरवास के समीप धीरपुर के पास पहुंची, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक अनियंत्रित जीप ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक उछलकर काफी दूर जा गिरी और बेकाबू जीप बुजुर्ग महिला के पैरों को कुचलते हुए निकल गई। इस दर्दनाक हादसे में वृद्धा के दोनों पैर पूरी तरह चकनाचूर हो गए, वहीं उनका नाती भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्काल घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने वृद्धा की हालत गंभीर देखते हुए इलाज शुरू किया, लेकिन लगभग तीन से चार घंटे तक चले इलाज के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और उन्होंने अंतिम सांस ली। हादसे में घायल नाती का इलाज जारी है। रविवार सुबह पुलिस प्रशासन द्वारा जिला अस्पताल में शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया गया और देह परिजनों के सुपुर्द कर दी गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटनाकारित जीप चालक की तलाश और वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। त्यौहार के ऐन मौके पर हुई इस दुखद घटना से पूरे गांव और परिवार में मातम पसरा हुआ है।

युवक को बेकाबू ट्रक ने मारी टक्कर, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत टीआईटी कॉम्प्लेक्स के पास सडक़ पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों ने तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार, फरियादी ऋषभ राजौरिया निवासी आदर्श कॉलोनी अपने चाचा शुभम राजौरिया के साथ टीआईटी कॉम्प्लेक्स के पास चाय पी रहे थे। तभी उनका छोटा भाई अविनाश राजौरिया ठेले से सब्जी खरीदकर रोड क्रॉस कर रहा था। उसी समय कैंट की ओर से आ रहे ट्रक आरजे 20-2969 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। हादसे में अविनाश के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना में हाईवे पर वंदना ढाबा और चौधरी होटल के पास एक भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए डिवाइडर या सडक़ किनारे बैठी गायों को जोरदार टक्कर मार दी। मुंबई से ग्वालियर लौट रहे राहगीर सूरज ओझा निवासी मुरार, ग्वालियर और देवेंद्र चंदेल ने घटना देखकर तत्काल पुलिस डायल 112 को सूचना दी। हादसे में दो गायों और एक बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई।

लोधा-लोधी समाज ने निकाली विशाल वाहन रैली, हनुमान टेकरी से हुई शुरूआत

वीरांगना अवंती बाई की जयंती उत्साह के साथ मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के लोधा लोधी समाज द्वारा आज वीरांगना अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती उमंग और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर रविवार को विशाल वाहन रैली स्थानीय हनुमान टेकरी से शुरू हुई, जो कुसमोदा क्षेत्र में स्थित समाज की धर्मशाला पहुंच कर समाप्त हुई। जहां मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार शहर सहित आसपास के अंचल से लोधा लोधी समाज के विशेषकर युवाओं का एकत्रीकरण सुबह से ही श्री हनुमान टेकरी पर होता रहा, जहां से दोपहर में विशाल जलूस शुरू हुआ। बैंड बाजों की धुन पर शुरू हुए जुलूस में आगे-आगे एक खुले वाहन पर वीरांगना अवंती बाई लोधी के चित्र रूप में चल रही थीं, इसी खुले वाहन में समाज की एक युवती भी वीरांगना का रूप धारण कर चल रही थी। इस वाहन के पीछे बड़ी संख्या में समाज के युवा दो पहिया वाहनों पर सवार होकर उमंग और उत्साह के साथ चल रहे थे। वहीं इस दौरान अनेक युवा भजनों की धुन पर थिरकते हुए भी चल रहे थे। उनके पीछे अनेक समाज बंधु भी चल रहे थे। हनुमान टेकरी से शुरू हुआ यह जुलूस बूढ़े बालाजी, हाट रोड, हनुमान चौराहा, एबी रोड से होते हुए कुसमोदा की ओर रवाना हुआ। इस दौरान रास्ते में कई स्थानों पर समाज बंधुओं ने वीरांगना अवंती बाई लोधी की आरती उतारकर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस का समापन कुसमोदा क्षेत्र में स्थित समाज की धर्मशाला पर किया। जहां जयंती के उपलक्ष्य में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।



गुना-बमोरी अंचल में पवित्रा एकादशी महोत्सव का भव्य आगाज, हिंडोले में विराजेंगे श्रीनाथ जी

श्रावण मास के पावन अवसर पर गुना एवं बमोरी अंचल में तीन दिवसीय पवित्रा एकादशी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रांतीय प्रचार प्रमुख व जिलाध्यक्ष कैलाश मंथन ने बताया कि पवित्रा एकादशी का दिन पुष्टिमार्ग का स्थापना दिवस भी है। इसी दिन पुष्टि भक्ति मार्ग का प्राकट्य हुआ था, जो भगवान कृष्ण की प्राप्ति का सबसे सहज और सरल मार्ग है।

24 अगस्त को पवित्रा एकादशी पर जिले के 127 से अधिक सत्संग मंडलों, पुष्टि भक्ति केंद्रों और मंदिरों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन श्रीनाथ जी को रेशमी पवित्रा धारण कराकर पवित्रा के हिंडोले में विराजमान किया जाएगा।

25 अगस्त (पवित्रा द्वादशी) को श्री महाप्रभु जी एवं गुरुओं को पवित्रा धराए जाएंगे। गुना शहर के श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर और द्वारकाधीश मंदिर सहित परवाह, भौंरा, बने, लालोनी, कालोनी, मगरोडा, बमोरी, ऊमरी, भिडरा, रतनपुरा, बागेरी और फतेहगढ़ के 100 से अधिक केंद्रों पर विशेष मनोरथ पूरे होंगे। मंथन के अनुसार, अंचल के लगभग 1.5 लाख वैष्णव जन इन आयोजनों में भाग ले रहे हैं। श्रावण मास में अष्टसखा सूरदास, कुंभनदास, परमानंद दास, कृष्णदास, छीतस्वामी, नंददास और चतुर्भुजदास के पदों का गायन व मल्हार राग गुंजित हो रहा है। 30 अगस्त को दोलोत्सव के साथ हिंडोला महोत्सव का समापन होगा।

विहिप ने दिया हरियाली का संदेश, बांसखेड़ी में रोपे पौधे




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में बांसखेड़ी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में "वृक्ष हैं तो जीवन है" का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए वृक्षारोपण बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर प्रांत सत्संग प्रमुख श्री सुरेश शर्मा जी, जिला उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मी नारायण ओझा जी, जिला सह-मंत्री श्री रामप्रसाद शर्मा जी, जिला सेवा प्रमुख श्री बंटी रघुवंशी जी एवं नगर उपाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा जी सहित अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने लगाए गए पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति के प्रति जागरूक रहने और पौधे लगाने का संदेश दिया गया।

समाचार संक्षेप

सेवा संकल्प शिविर में उमड़ी भीड़, महिलाओं को मिला निः शुल्क उपचार एवं दवाईयां



गुना। जिले के स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजपूत का नवाचार प्रत्येक रविवार को महिलाओं का इलाज और जरूरत मंद महिलाओं के लिए निशुल्क दवा देना अब कारगर साबित हो रहा है। इससे गुना ही नहीं आस पास के जिले के महिलाओं को काफी लाभ हो रहा है। गुना जिले के पहले चिकित्सक हैं जो सीधे महिलाओ के स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं। रविवार को कैंप में काफी भीड़ रही। विदिशा जिले के शमशाबाद से आईं मरीज रीना का कहना था डॉक्टर साहब अच्छा काम कर रहे हैं, आस पास के जिले के और डॉक्टर को भी ऐसा काम करना चाहिए। डॉक्टर राजपूत का उपचार बहुत अच्छा जिससे जटिल से जटिल बीमारियों का उपचार हो रहा है। कैंप में टीम हेल्प का योगदान रहा, जिन्होंने पूरी व्यवस्था देखी कैंप में आये बीपीएल मरीजों को निशुल्क दवा भी वितरित की गई। टीम में डॉक्टर राजपूत के साथ सीमा लोढ़ा, लता अरविंद कुशवाह इत्यादि का सहयोग रहा। कैंप में लगभग 100 मरीजों को देखा गया।

शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन हेतु शिक्षण कौशलों का प्रयोग करें शिक्षक : दुबे

गुना। शैक्षिक संवाद में एस आर जी ने दिया मार्गदर्शनविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु शासन ने ई अटेंडेंस के बाद शैक्षिक संवाद के द्वारा शिक्षकों को पारस्परिक संवाद द्वारा शैक्षिक कौशल बढ़ाकर विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता स्तर उन्नयन हेतु प्रभावी अवसर दिए हैं। आगामी दिनों में प्रत्येक विद्यालय,जनशिक्षा केंद्र, बी.ई.ओ, बी आर सी,डीपीसी, डी ई ओ कार्यालय सहित समस्त शिक्षकों, और अनुवर्तन कर्ताओं का शैक्षिक ऑडिट होगा । तदोपरांत प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर सभी की भूमिका की समीक्षा कर उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जाएगा । अतः सभी को सजग होकर अपना कर्तव्य प्रभावी रूप से निर्वहन करना चाहिए। उक्त बात स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में चलाए जा रहे पठन अभियान का मैदानी अवलोकन करने आए राज्य शिक्षा केंद्र के एस आर जी,व्याख्याता डाइट पं.तुलसीदास दुबे ने गुना विकासखंड के पाटई जनशिक्षा केंद्र पर आयोजित मासिक शैक्षिक संवाद में शिक्षकों को मार्गदर्शन देते हुए कही । जनशिक्षक नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने भूमिका रखी।

कैट की नवीन कार्यकारिणी घोषित

गुना । देश की सबसे बड़ी व्यापारिक संस्था कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट की जिला कार्यकारिणी की घोषणा रविरवार को प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा की गई । कैट के संभागीय अध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री मुकेश जैन संस्थापक अध्यक्ष रविंद्र जैन एवं कोर्डीनेटर अभिजीत गोयल से विचार विमर्श उपरांत प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन की सहमति से जिला कार्यकारिणी की घोषणा हुई । नवीन कार्यकारिणी में ज़िलाध्यक्ष प्रवीण सोमानी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी.पी. रघुवंशी , उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार नीखरा , सचिव आनंद सड़ाना ,कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल सहसचिव अनुपम तिवारी संगठन सचिव सिद्धार्थ अग्रवाल एवं रीतेश अग्रवाल को मनोनीत किया गया है , वहीं मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन टिंकल एवं सोशल मीडिया प्रभारी सुशील नामदेव को बनाया गया ।शेष कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी शीघ्र ही आयोजित किया जायेगा ।

दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से जारी किये गए थे आदेश

शहर में दिन के समय नहीं घुस सकेंगे भारी मालवाहन, प्रतिबंध बे-असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा शहर में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 116 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुना नगर क्षेत्र में भारी मालवाहनों के प्रवेश पर समयबद्ध प्रतिबंध संबंधी आदेश जारी किये है, लेकिन प्रतिबंधित आदेश बेअसर साबित हो रहे हैं। शहर में दिन दहाड़े भारी वाहनों का प्रवेश जारी है।



क्या कहा है आदेश में

जारी आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक, जिला गुना के प्रतिवेदन के आधार पर गुना शहर के मुख्य मार्गों पर दिन के समय बड़ी संख्या में भारी मालवाहनों का आवागमन होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिससे कभी भी कानून एवं व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए गुना शहर की सीमा में प्रतिदिन रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक भारी वाहनों को प्रवेश पर छूट रहेगी। इसके अतिरिक्त समय में 7.05 टन से अधिक भार क्षमता वाले (लदान रहित) भारी माल वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। व्यापारियों एवं ट्रांसपोर्टस के अनुरोध पर विचार करते हुए गुना शहर में दिन के समय में विद्यालयीन समय समाप्त होने के पश्चात प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक महर्षि महेश योगी चौराहा से चिंताहरण मंदिर के मध्य वाया बी.जी. रोड बायपास मार्ग भारी वाहनों के आवागमन की अनुमति यातायात नियमों के पालन की शर्त पर छूट रहेगी। उक्त मालवाहन गुना शहर की सीमा में होटल सामरसिंघा, मंडीगेट, बीएसएनएल एक्सेचेंज से हनुमान चौराह से केंट रोड होते हुए चिन्ताहरण मंदिर, मारूति शोरूम, भुल्लनपुरा, हड्डीमिल चौराहा, बूढ़े बालाजी आदि से शहर के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे। अशोकनगर की ओर से आने-जाने वाले मालवाहन बिलोनिया बायपास- नानाखेड़ी मंडी गेट- हनुमान चौराहा - कैंट चौराहा मार्ग से ही आवागमन करेंगे तथा प्रतिबंधित समय में नानाखेड़ी मंडी को छोडक़र अन्य आंतरिक मार्गों में प्रवेश नहीं करेंगे।

आवश्यक सेवाओं के वाहनों को छूट

इनमें स्कूल बसें, विद्यालय एवं महाविद्यालयों के लिए पुस्तक एवं कागज परिवहन करने वाले वाहन, पेट्रोल, डीजल, केरोसिन, एलपीजी गैस तथा दूध की आपूर्ति करने वाले वाहन तथा शासकीय कार्यो सहित अन्य में संलग्न वे भारी वाहन शामिल हैं, जिन्हें सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त होगी। आदेश के अनुसार व्यावसायिक कार्य में संलग्न ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा।

संयुक्त कार्रवाई में मावा पनीर और घरेलू सिलेण्डर जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता निरीक्षण एवं सैम्पलिंग कार्यवाही हेतु कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा गठित राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के संयुक्त जांच दल में तहसीलदार मयंक तिवारी एवं नायब तहसीलदार आरती गौतम के निर्देशन में इण्डस्ट्रीयल एरिया गुना स्थित श्रीराम इण्डस्ट्रीज डेयरी यूनिट से मावा, पनीर, घी एवं दूध के नमूने एवं सदर बाजार लक्ष्मीगंज स्थित शीतल स्वीट्स से मावा एवं पनीर के सैम्पल जब्त कर जांच हेतु लिए गये। संयुक्त जांच कार्यवाही में सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने शीलत स्वीट्स से एक घरेलू सिलेण्डर भी जब्त किया। संयुक्त जांच दल में सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शिवहरे, नवीन जैन, राजस्व निरीक्षक कुलदीप गुप्ता एवं राजस्व पटवारी संतोष शर्मा उपस्थित रहे।जांच दल द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर प्रतिबंधित एनालॉग पनीर एवं मावा की जांच कर प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिए गये। वहीं शीतल स्वीट्स संचालक को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाये जाने पर नोटिस भी जारी किया गया।

विहिप-बजरंग दल की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक शनिवार को सनाढ्य ब्राह्मण धर्मशाला, दुर्गा कॉलोनी, गुना में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ श्रीराम दरबार का विधिवत पूजन-अर्चन कर किया गया। बैठक में प्रांत नैतिक शिक्षा प्रमुख नरेश झा, विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह, विभाग मंत्री दिलीप सिंह कुशवाह एवं विभाग सह मंत्री रामवीर यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन के आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में जिला अध्यक्ष इमरत सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ओझा, जिला मंत्री राकेश शर्मा, जिला सह मंत्री रामप्रसाद शर्मा, राजेंद्र कुशवाह एवं जिला मीडिया प्रभारी दीपक गौड़, सेवा प्रमुख बंटी रघुवंशी, जिला संयोजक ब्रजेश प्रजापति, जिला सह संयोजक गौरव कुशवाह, लोकेश कुशवाह सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, जिला बजरंग दल टोली तथा पांचों प्रखंडों की कार्यकारिणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में आगामी स्थापना दिवस कार्यक्रम की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा एवं मंथन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न दायित्वों के विभाजन, कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर एक दायित्ववान कार्यकर्ता द्वारा पांच समिति स्थानों तक कार्यक्रम की योजना बनाकर सूची तैयार करने के विषय पर भी चर्चा की गई।



अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग: 46 पर गोवंश के झुंड, हादसों का बढ़ा खतरा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा


अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग-46 (ब्यावर-गुना मार्ग) पर जोगीपुरा टोल टैक्स के पास और चाचौड़ा नगर के आसपास सड़कों पर गोवंश के झुंड लगातार नजर आ रहे हैं। सड़क पर बैठे और विचरण करते गोवंश के कारण वाहन चालकों और राहगीरों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है।

सड़क पर अचानक गोवंश के आ जाने से वाहन चालकों को बचने के लिए अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है। इससे तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, क्योंकि सड़क पर बैठे गोवंश वाहन चालकों को आसानी से दिखाई नहीं देते। वहीं तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से गोवंश के घायल होने का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा सड़कों से बेसहारा गोवंश को हटाने के निर्देश दिए जाने के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।



नगरवासियों और वाहन चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग-46 सहित नगर की प्रमुख सड़कों से गोवंश को तत्काल हटाकर सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाया जाए। साथ ही सड़क किनारे गोवंश की नियमित निगरानी और व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वाहन चालकों की सुरक्षा के साथ गोवंश का जीवन भी सुरक्षित रह सके।

ध्यान का उद्देश्य ही उसके फल का निर्धारण करता है: मुनि श्री निरंजन सागर जी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर में विराजमान पूज्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अध्यात्म के रहस्यों का उद्घाटन करते हुए इष्टोपदेश की कारिका को माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ चिंतामणि रत्न है और दूसरी तरफ कांच का सामान्य सा टुकड़ा है, और यह दोनों आपको ध्यान के माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में कौन सा विवेकी प्राणी होगा जो चिंतामणि रत्न को छोड़कर कांच के सामान्य से टुकड़े को प्राप्त करने की इच्छा या चेष्टा करेगा? मुनि श्री ने वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में ध्यान के केंद्रों की कोई कमी नहीं है, परंतु ध्यान के वास्तविक उद्देश्य से जनता भटक रही है। आज ध्यान का उद्देश्य मोक्ष न रहकर मात्र शारीरिक विश्राम को ही ध्यान माना जा रहा है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि आचार्यों ने ध्यान को इससे बहुत आगे का बताया है। ध्यान दो प्रकार के फल देता है। एक ध्यान संसार का कारण है और दूसरा ध्यान मोक्ष का कारण है। अब हमें क्या चाहिए? यह पूरी तरह हमारे ऊपर ही निर्धारित है। आचार्यों ने संदेश दिया है कि जैसा हम चाहते हैं, हमें उसी के अनुरूप पुरुषार्थ करने पर जोर देना चाहिए।

समरसता कलश यात्रा निकाली लोगों को दिया एकता का संदेश



अशोकनगर। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरसता संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसे लेकर एक समरसता संकल्प यात्रा निकाली गई और एकता का संदेश दिया गया। इसी अभियान के तहत सोनेरा मंडल के ग्राम करैया राय में कलश बंधन यात्रा का शुभारंभ हुआ। संत रविदास जी की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी से युक्त कलश को नगर में स्थित मंदिर में स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। कलश यात्रा करैया राय से प्रारंभ होकर सेमरा, काकाखेड़ी की ओर प्रस्थान करेगी, जहां ग्राम- ग्राम जाकर संत रविदास के समरसता और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से यात्रा प्रभारी सत्येंद्र कलावत, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. शीला जाटव, सोनेरा मंडल अध्यक्ष अशोक रघुवंशी, करैया राय सरपंच प्रबल प्रताप रघुवंशी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

नगर की माटी में जन्मे प्रयोगवादी कवि गिरजाकुमार माथुर के जन्म दिवस पर उनका स्मरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर की माटी में जन्मे प्रयोगवादी कवि गिरजा कुमार माथुर के जन्म दिवस के मौके पर उनकी साहित्यिक यात्रा को लेकर उनका स्मरण किया गया। उनकी कविताओं पर कवि हरिओम राजौरिया और चित्रकार पंकज दीक्षित ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कवि गिरजाकुमार माथुर हिन्दी साहित्य में प्रयोग वाद के पहले कवि थे उनका जन्म 22 अगस्त को अशोकनगर में हुआ था उनके पिता देवीचरण माथुर, अशोकनगर मिडिल स्कूल के पहले सेकेण्ड हेडमास्टर थे, तथा मां लक्ष्मीदेवी बालिका स्कूल की पहली मुख्य अध्यापिका थीं। 22 साल की उम्र में प्रकाशित उनके पहले कविता संग्रह मजीर की भूमिका सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ने लिखी थी।

इस मौके पर चर्चा में भाग लेते हुए कवि हरिओम राजौरिया ने कहा कि अशोकनगर की मिट्टी में उनकी कविताएं सांस लेती हैं। उन्होंने अशोकनगर के दो गाँवों,ढाकवनी (ढाकोनी) और दियाधरी पर लंबी कविताएं लिखीं थीं। उनकी कविताएं,मंजीर से लेकर मैं वक्त के हूँ सामने तक 13 कविता संग्रहों में संकलित है। वह अशोकनगर के स्कूल में आयोजित स्नेही सम्मेलन में जब शामिल हुए तब मैने लिखना शुरू किया था, और मुझ जैसे नए कवियों को लेकर वह उत्सुक थे और पत्राचार भी करते थे। 1970 के दौरान उनका बहु चर्चित गीत हम होगें कामयाब एक दिन का भावानुवाद किया गया था। कहते हैं कि कविता मनुष्य की स्मृति है तो अब हमारी स्मृति को कौन बचाएगा? अशोकनगर शहर में गिरिजाकुमार माथुर की पहचान का कोई चिन्ह आप नहीं पाएंगे। कुछ वर्ष पहले यहाँ की नगरपालिका ने श्रीकृष्ण सरल और गिरिजाकुमार पर पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की थी पर अब तो पालिका और नागरिक सब भूल गए हैं।



भोपाल-ग्वालियर- इंटरसिटी एक्सप्रेस के आईसीएफ रेक को एलएचबी रेक में परिवर्तित किया, 25 अगस्त से लागू होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यात्रियों को अधिक सुविधाजनक एवं आधुनिक रेल यात्रा उपलब्ध कराने की दिशा में पश्चिम मध्य रेल द्वारा ट्रेन संख्या 12197/12198 भोपाल-ग्वालियर-भोपाल एक्सप्रेस के एक आईसीएफ रेक को एलएचबी रेक में परिवर्तित किया जा रहा है। यह परिवर्तन 25 अगस्त 2026 से प्रभावी होगा। वर्तमान में इस ट्रेन के कुल 03 रेक हैं, जिनमें से 01 रेक को एलएचबी रेक में परिवर्तित किया जाएगा। शेष 02 रेक फिलहाल 21 आईसीएफ कोच की वर्तमान संरचना के साथ संचालित होते रहेंगे। ट्रेन संख्या 12197 भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस तथा 12198 ग्वालियर- भोपाल एक्सप्रेस के एक रेक की वर्तमान कोच संरचना में 21 आईसीएफ कोच हैं। एलएचबी रेक में परिवर्तन के बाद इसकी संशोधित संरचना 18 एलएचबी कोच की होगी। संशोधित संरचना में एलएचबी प्रकार के कोच शामिल किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को आधुनिक कोचों में यात्रा का लाभ मिलेगा। एलएचबी कोच संरचना- उक्त तिथि से एक रैक 12 सामान्य श्रेणी, 3 स्लीपर, 1 थर्ड एसी, 1 एलएसआरडी एवं 1 जनरेटरकार सहित कुल 18 कोच होंगें। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की अद्यतन जानकारी रेलवे के अधिकृत यात्री सूचना माध्यमों से प्राप्त करें।

प्रदेश के संगठन मंत्री के आतिथ्य में सहकार भारती की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रदेश के संगठन मंत्री के आतिथ्य में सहकार भारती की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व प्रथम सहकार भारती के संस्थापक लक्षमन राव ईमानदार क़ी तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जलवित कर क़ी गईं फिर राष्ट्रीय गीत का गायन हुआ।

इस मौके पर सतीश बुधोलिया द्वारा सहकार भारती के गीत का गायन किया गया, बैठक की शुरुआत प्रदेश संघठन मंत्री राधेश्याम जलक्षत्री के मुख्य आथित्य में तथा बिशिष्ठ अथिति नन्दकिशोर किरार संभागीय सह प्रमुख प्रकाश श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष गुना क़ी उपस्थिति में आयोजित हुई। अध्यक्षता अशोक सोनी ने क़ी बैठक क़ो सम्बोधित करते हुए प्रदेश संघठन मंत्री ने जिले में सहकार भारती के संघठन के विस्तार पर जोर देते हुए कहा जिले में जितनी भी क्रेडिट सोसायटी, सहकारी समितियाँ, सहकारी संस्थाएं संचलित है वो सब इसकी संस्थागत सदस्य है उन्हें जोड़ियें उनसे जितने लोग जुड़े है उन्हें सहकार भारती का सदस्य बनाया जाए और जो सोसायटी व सहकारी संस्थाए व समितियां सदस्य नहीं है उन्हें संस्थागत सदस्य बनाकर संघठन में शामिल किया जाए। जिला अध्यक्ष सोनी ने कहा कि सदस्यता अभियान जिले के चारों ब्लॉको में एक प्रभावी योजना बना कर शीघ्र चालू किया जावेगा। बैठक का संचालन अबधेश शर्मा जिला संघठन मंत्री ने किया, आभार प्रदर्शन रविन्द्र भारद्वाज जिला महामंत्री ने माना। इस अवसर पर रीना यादव, लखन राजोरिया,रमेश पाराशर,प्रदीप शर्मा, अशोक कुशवाह,मेहरवान सिंह परिहार दिनेश गुप्ता, नरेन्द्र पाराशर, कैलाश चंदेल, राजेन्द्र पाराशर आदि उपस्थित रहे।

एजुकेशन एक्टिविस्ट एसोसिएशन ने सामान्य ज्ञान परीक्षा के बाद 12 छात्र-छात्राओं को छात्रवृति प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर


एजुकेशन एक्टिविस्ट एसोसियेशन अशोकनगर द्वारा 8वीं पास विद्यार्थियों की पहले सामान्य ज्ञान परीक्षा ली और बाद में 12 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एक आयोजित कार्यक्रम में प्रदान की गई। इस परीक्षा में 67 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, परिणाम उपरांत 12 छात्र-छात्राओं का छात्रवृत्ति हेतु चयन हुआ था।यह छात्रवृत्ति इन विद्यार्थियों को कुल 4 वर्ष मिलना है, चयनित विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष प्रथम श्रेणी अर्जित करना आवश्यक रहेगा। सांदीपनि विद्यालय अशोकनगर में आयोजित इस छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में बालसभा एवं सुंदर लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था इसमें बाल सभा एवं सुंदर लेखन में 9-9 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सामान्य ज्ञान परीक्षा में भी सराहनीय प्रदर्शन हेतु 14 पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ सतीश चतुर्वेदी शाकुंतल गुना एवं विशेष अतिथि रहे वर्धमान हायर सेकेंडरी स्कूल के पिछले 25 वर्षों से लगातार सचिवीय भूमिका निभा रहे राजा जैन, विशिष्ट अतिथि थे सांदीपनि विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल तरूण रस्तोगी।




कार्यक्रम में बाल-सभा आयोजन में पंजाबी महिला विकास समिति एवं सुंदर लेखन में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा अशोकनगर की सहभागिता रही। इन 12 छात्रवृत्ति में चार-स्वर्गीय चिमन लाल सडाना पूर्व विधायक की स्मृति में उनके पुत्र कमल सडाना, सावित्री देवी जैन की स्मृति में उनके पुत्र देवेंद्र जैन एवं सुनील गोयल की स्मृति में उनके भाई नितिन गोयल ने प्रदान की। प्रत्येक छात्र को 4 वर्ष में कुल प्रथम को 6000 द्वितीय को 5000 तृतीय को 4000 एवं चतुर्थ स्थान प्राप्तकर्ता को 3000 प्रदान किया जाना है। प्रथम स्थान पर रहीं पलक कुशवाहा, मंजीता साहू, सिद्धि साहू, एवं आदित्य प्रजापति। द्वितीय स्थान पर रहीं सोनिका पटेल, नेहा माहौर, विशाल लोधी एवं प्रदीप अहिरवार। तृतीय स्थान पर रहीं देविका यादव, हरप्रीत सिंह, पायल साहू एवं प्रतीक्षा साहू। संस्था की ओर से अगले 4 वर्ष तक यह सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित किए जाने की घोषणा की गई है। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष प्रियकांत माथुर, मुख्य सचिव कमल सडाना, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव अशोक शर्मा, सह- सचिव नितिन गोयल, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र जैन, महिपाल रघुवंशी के अतिरिक्त उदय प्रताप सिंह सिसोदिया, सुधीर गुप्ता, संग्राम सिंह, प्रतिष्ठित साहित्यकार हरिओम राजौरिया के साथ अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पंजाबी महिला विकास समिति की अध्यक्ष मीता सडाना, सचिव सोनिया गेरा, कोषाध्यक्ष सोनिया छाबड़ा के अतिरिक्त रजनी सडाना, डिंपल सडाना, रिचा सडाना, सुषमा छावड़ा, सुनीता छाबड़ा, रिंकी सलूजा उपस्थित रहीं। सांदीपनि विद्यालय की ओर से वाइस प्रिंसिपल रस्तोगी भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। विशेष अतिथि एवं मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में छात्रवृत्ति योजना को एजुकेशन एक्टिविस्ट एसोसियेशन का शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु एक बड़ा कदम निरूपित करते हुए इसे एक प्रेरणादायक कार्य कहा पंजाबी महिला समिति द्वारा शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने को एक अभिनव प्रयोग बताया। शिक्षा क्षेत्र में और अधिक कार्य करने के आह्वान के साथ शुभकामनाएं प्रदान कीं।

जिले भर के विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, नपाध्यक्ष, सहित सभी ने सामूहिक रूप से मांग की थी

सिक्स फोर लेन मार्ग अशोकनगर से निकाला जाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आलोक तिवारी
जिला अध्यक्ष
अशोकनगर (म.प्र.)

भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party

क्र./BJP/ASKN/1587 दिनांक – 19/01/2026

प्रति,

श्रीमान प्रमुख सचिव महोदय
लोक निर्माण विभाग एवं
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, मध्यप्रदेश

विषय :- ग्वालियर–भोपाल–नागपुर (लगभग 650 कि.मी., रू.40,000 करोड़) प्रस्तावित सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को अशोकनगर जिला मुख्यालय से जोड़ने बाबत।

महोदय,


विषयान्तर्गत निवेदन है कि मध्य प्रदेश के समग्र एवं संतुलित विकास की दृष्टि से ग्वालियर–भोपाल–नागपुर प्रस्तावित सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। यह एक्सप्रेसवे राज्य के औद्योगिक, व्यापारिक एवं लॉजिस्टिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।

इस क्रम में यह अत्यंत आवश्यक प्रतीत होता है कि उक्त ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को अशोकनगर जिला मुख्यालय से भी प्रभावी रूप से जोड़ा जाए। यदि यह कनेक्टिविटी चंदेरी के आगे भूवोन होते हुए, अशोकनगर से गुजरकर बंगला चौराहा से एक्सप्रेसवे से जोड़ी जाती है, तो इसके निम्नलिखित महत्वपूर्ण लाभ होंगे—

अशोकनगर जिले को राष्ट्रीय स्तर की हाईवे कनेक्टिविटी प्राप्त होगीजोकि औद्योगिक निवेश, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा। चंदेरी एवं आसपास के पर्यटन स्थलों को बेहतर सड़क संपर्क प्राप्त होगा, जिससे पर्यटन आधारित रोजगार सृजन होगा। कृषि, हैंडलूम, हथकरघा एवं स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक त्वरित पहुंच मिलेगी, क्षेत्र का सामाजिक–आर्थिक एवं समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रस्तावित मार्ग (चंदेरी–भूवोन–अशोकनगर–बंगला चौराहा) के माध्यम से अशोकनगर जिला मुख्यालय को ग्वालियर–भोपाल–नागपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से जोड़ने हेतु आवश्यक सर्वेक्षण, तकनीकी परीक्षण एवं प्रशासनिक कार्यवाई किए जाने का कष्ट करें।

हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य शासन इस जनहितकारी एवं विकासोन्मुख प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।



जगन्नाथसिंह रघुवंशी
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्र.033 चंदेरी
जिला-अशोकनगर (म.प्र.)

दिनांक 20/11/2024


प्रति,

माननीय मंत्री महोदय
मंत्री लोक निर्माण,
मध्यप्रदेश राज्य शासन,
मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल(मप्र0)

विषय :- ग्वालियर से भोपाल होते हुये नागपुर शिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे को अशोकनगर जिला मुख्यालय से जोड़ने विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषय मे निवेदन है कि हाल ही केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री, माननीय नितिन गडकरी द्वारा विदिशा से लगभग 650 कि.मी., रू. 40,000 करोड़ की राशि से बनने वाले ग्वालियर भोपाल नागपुर प्रस्तावित सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की घोषणा की है। यह एक्सप्रेसवे राज्य के औद्योगिक, व्यापारिक एवं लॉजिस्टिक विकास की दिशा में मील का पत्थर बनेगी। प्रस्तावित परियोजना के संबंध में जानकारी मिली है कि उक्त एक्सप्रेस-वे, अशोकनगर जिले के चंदेरी से मुंगावली होते हुए बंगला चौराहे से निकलेगा। उक्त ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को अशोकनगर जिला मुख्यालय से जोड़े जाने का आग्रह है। यदि यह कनेक्टिविटी चंदेरी के आगे भूवोन होते हुए, अशोकनगर से गुजरकर बंगला चौराहा से एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाता, इसलिए जरूरी समझा जा रहा है, क्योंकि इससे अशोकनगर जिले को राष्ट्रीय स्तर की हाईवे कनेक्टिविटी प्राप्त होगी तथा क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा। चंदेरी एवं आसपास के पर्यटन स्थलों को बेहतर सड़क संपर्क प्राप्त होगा।



भारतीय जनता पार्टी जिला अशोकनगर (म.प्र.)
नीरज मनोरिया
अध्यक्ष - नगरपालिका परिषद, अशोकनगर (म.प्र.)
पूर्व जिला अध्यक्ष- भा.ज.पा. अशोकनगर
भा.ज.पा. प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (म.प्र.)

दिनांक .....

प्रति,

माननीय श्री मोहन यादव जी
मुख्यमंत्री महोदय
म.प्र. शासन भोपाल

विषय :- ग्वालियर से भोपाल होते हुये नागपुर शिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे को अशोकनगर जिला मुख्यालय से जोड़ने विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषय मे निवेदन है कि हाल ही केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री, माननीय नितिन गडकरी द्वारा विदिशा से लगभग 650 कि.मी., रू. 40,000 करोड़ की राशि से बनने वाले ग्वालियर भोपाल नागपुर प्रस्तावित सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की घोषणा की है। यह एक्सप्रेसवे राज्य के औद्योगिक, व्यापारिक एवं लॉजिस्टिक विकास की दिशा में मील का पत्थर बनेगी।

प्रस्तावित परियोजना के संबंध में जानकारी मिली है कि अशोकनगर जिले के चंदेरी से मुंगावली होते हुए बंगला चौराहे से निकलेगी। उक्त ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को अशोकनगर जिला मुख्यालय से जोड़े जाने का आग्रह है। यदि यह कनेक्टिविटी चंदेरी के आगे भूवोन होते हुए, अशोकनगर से गुजरकर बंगला चौराहा से एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाता, इसलिए जरूरी समझा जा रहा है, क्योंकि इससे अशोकनगर जिले को राष्ट्रीय स्तर की हाईवे कनेक्टिविटी प्राप्त होगी तथा क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा। चंदेरी एवं आसपास के पर्यटन स्थलों को बेहतर सड़क संपर्क प्राप्त होगा, जिससे पर्यटन आधारित रोजगार सृजन होगा। कृषि, हैंडलूम, हथकरघा एवं स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक त्वरित पहुंच मिलेगी, क्षेत्र का सामाजिक–आर्थिक एवं समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रस्तावित मार्ग (चंदेरी–भूवोन–अशोकनगर–बंगला चौराहा) के माध्यम से अशोकनगर जिला मुख्यालय को ग्वालियर–भोपाल–नागपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से जोड़ने हेतु आवश्यक सर्वेक्षण, तकनीकी परीक्षण एवं प्रशासनिक कार्यवाई किए जाने का कष्ट करें।

हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य शासन इस जनहितकारी एवं विकासोन्मुख प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

भवदीय

जिला मुख्यालय का विकास न होने का मामला अंदर ही अंदर सुलग रहा है, अब यह सवाल आम लोगों की जवान पर आ गया है। पत्रकार भी सवाल उठाने लगे हैं कि अशोकनगर का विकास के लिए क्या किया गया। सवालों के घेरे में सिक्स फोर लेन मार्ग की मांग भी शामिल है, जिसमें स्वयं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा था कि इस मार्ग को अशोकनगर जिला मुख्यालय से जोड़ा जाएगा, लेकिन अब अशोकनगर जिला मुख्यालय को उपेक्षित किया जा रहा है और नेशनल हाईवे सिक्स फोर लेन का सपना अशोकनगर के लिए सपना ही बनकर रह गया है।

किसी भी जिले के विकास की पहचान अच्छे सड़क मार्ग और आने और जाने के लिए रेल संसाधन होते हैं, लेकिन अशोकनगर इन दोनों ही मामलों में सबसे कमजोर है। जबकि अशोकनगर पूरी तरीके से इस योग्य है उसके बाबजूद भी इसकी उपेक्षा किया जाना समझ से परे हैं। सभी जानते हैं कि किसी भी जिले का विकास उस जिले के राजनैतिक नेताओं के ऊपर निर्भर है, इस क्षेत्र का नेतृत्व जिनके हाथ में है वह कोई और नहीं अपितु इस क्षेत्र का भारत की सबसे बड़ी संसद लोकसभा में नेतृत्व करने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं, वह भारत के केन्द्रीय दूर संचार मंत्री भी हैं और उन्हें यह सब करना चुटकियों का खेल है जब वह विकास के मार्ग पर गुना और शिवपुरी को ले जा सकते हैं तब अशोकनगर को क्यों नहीं। यह सब उनकी इच्छा शक्ति पर निर्भर है।

अशोकनगर जिले में कोई नेशनल हाईवे नहीं है, जो नेशनल हाईवे की संभावनाएं बन रहीं थी उन संभावनाओं को भी राजनैतिक स्तर पर दरकिनार किया जा रहा है, जिसमें विकास की गति को रोक दिया है। इस जिले में इन्दौर,दिल्ली मुंबई,प्रयागराज जैसे शहरों के लिए कोई ट्रेने नहीं हैं जबकि यह रेल खण्ड दोहरे रेल मार्गों में शामिल हैं, रेल विधुतीकरण से जुड़ चुका है। इससे पहले हमेशा इन ट्रेनों की कमी को लेकर यही कारण गिनाए जाते थे अब वह कारण भी पूर्ण हो गए हैं तब भी ट्रेनों का न चलना इस क्षेत्र की जनता का दुर्भाग्य है और यही स्थिति सड़कों को लेकर है। जो परंपरागत मार्ग थे वहीं है अशोकनगर 2003 में जिला बना 23 साल बाद भी इस जिले में नए सड़क मार्गों को निकालने पर कोई चिंतन नहीं हुआ, जिले के लोग विकास न होने से कसमसा रहे हैं और उनका गुस्सा आए दिन फूट रहा है जो सिक्स फोर लेन मार्ग आ रहा था उसकी संभावनाएं भी अब केन्द्रीय नेतृत्व की इच्छा शक्ति न होने से धूमिल होती जा रही हैं।

इस सिक्स फोर लेन मार्ग की मांग तब सामने आई थी जब ग्वालियर-नागपुर सिक्स लेन मार्ग को ग्वालियर, शिवपुरी होते हुए चंदेरी से निकाला जा रहा था, तब इस मांग को लेकर जिले भर के विधायकों में चंदेरी के विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली के विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय, जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक तिवारी, अशोकनगर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया द्वारा मांग की गई थी कि इस मार्ग को चंदेरी,थूवोन अशोकनगर, बंगलाचैराहा से होकर निकाला जाए ताकि अशोकनगर जिले को सिक्स फोर लेन मार्ग से जोड़ा जा सके। जिले भर के भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों की मांग पर संभावनाएं आकार ले रहीं थी और लगने लगा था कि अशोकनगर जिला सिक्स फोर लेन मार्ग से जल्द ही जुड़ सकेगा। लेकिन अब जो बात सामने आ रही है उसमें अशोकनगर को उपेक्षित कर इस मार्ग को गुना से निकालने की तैयारी की गई है, अगर यह मार्ग अशोकनगर जिले से नहीं जुड़ा तो भविष्य में अशोकनगर को इस तरह के मार्ग की सुविधा मिल पाना संभव नही हैं।

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी पैसा देने तैयार, लेकिन मांग कौन करे

भारत सरकार के केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का शोसैल मीडिया पर जो बयान आ रहा है उसमें कहा जा रहा है कि उनके पास पैसों की कोई कमी नहीं हैं मंत्रालय के पास 15 लाख करोड रूपए हैं, जिसे जो भी मांग करनी है वह हाईवे से संबंधित कर सकता है। हम पैसा देने के लिए तैयार हैं। ऐसी स्थिति में अशोकनगर जिले को विकास के लिए कई मार्गों का तोहफा मिल सकता है। इस सिक्स फोर लेन मार्ग के साथ साथ बीना से गुना तक मुंगावली, पिपरई, अशोकनगर गुना होते हुए एबी रोड से जोड़ा जाए, तथा इसी प्रकार नेशनल हाइवे क्रमांक 44 से भी इसे कनेक्ट किया जा सकता है। इन सब मार्गों पर विचार किए जाने की जरूरत है ताकि अशोकनगर को विकास की नई उम्मीदों के पर लग सकें।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहरी रोड निवासी बृजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजा जैन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतलवाी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुना निवासी प्रियंका रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विशाल रघुवंशी निवासी दुर्गा कॉलोनी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी मिनी रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी ने अपने मोबाइल से टेक्स मैसेज पर गाली गलौच की, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खड़िया मोहल्ला निवासी भास्कर सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अरूण,नीरज, रघुवीर, धर्मवीर, पिन्टू रघुवंशी व अन्य तीन लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंहपुर चाल्दा निवासी वर्षा आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जशोदा बाई, कल्लू, गेंदाबाई व रामचरण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सूरेल निवासी राजभान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इन्द्रभान यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सोनाई निवासी रविन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सचिन, विपिन और सेंधपाल परमार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मंदिर में प्रतिमाएं की खंडित, रोकने पर पुजारी से मारपीट, ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 65 मिलोमीटर दूर चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाकलपुर में शनिवार देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां असामाजिक तत्वों द्वारा हनुमान मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना का विरोध करने पर मंदिर के पुजारी के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई। इस घटना के बाद से ही क्षेत्र में भारी आक्रोश का माहौल है।

क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात लगभग 11 बजे की है। बताया जा रहा है कि बाकलपुर निवासी शैलेंद्र सिंह बुंदेला पर मंदिर में प्रवेश कर हनुमान जी एवं अन्य प्रतिमाओं को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। जब मंदिर के पुजारी विनोद तिवारी ने आरोपी को ऐसा करने से रोका, तो आरोपी ने उनके साथ गाली- गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

ग्रामीणों और हिंदू संगठनों में रोष

सुबह जैसे ही घटना की जानकारी बाकलपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में फैली, लोगों में भारी आक्रोश पनप गया। धार्मिक भावनाएँ आहत होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय हिंदू संगठन के प्रतिनिधि एकत्र हो गए और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही चंदेरी थाना पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

इनका कहना है...

पीड़ित पुजारी की शिकायत और ग्रामीणों के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के पीछे क्या कारण थे, इसकी गहनता से जांच की जा रही है। आरोपी को जल्द ही हिरासत में लेकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

प्रशांत यादव, थाना प्रभारी चंदेरी

अभिभावकों के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया

कई विषयों पर विशेषज्ञ कला मोहन ने जिज्ञासाओं का समाधान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर के सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय संस्कृति एन इंग्लिश मीडियम स्कूल में रविवार को अभिभावकों के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र को विद्यालय की वेलनेस एक्सपर्ट और राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद एवं जानी-मानी बाल मनो वैज्ञानिक कला मोहन ने सम्बोधित किया। सर्वप्रथम प्राचार्या इंद्रपाल कौर, निदेशक देवेन्द्र सिंह ने विषय विशेषज्ञ कला मोहन एवं समस्त उपस्थित अभिभावकों के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित किया एवं आगंतुक अभिभावकों का स्वागत किया। तत्पश्चात प्राचार्या इंदरपाल कौर ने समस्त अभिभावकों का स्वागत करते हुए उन्हें कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य बताया। उन्होंने माइन्डफुल उपस्थिति का महत्व बताते हुए अभिभावकों से इस अवसर का लाभ उठाने का अनुग्रह किया। कला मोहन मैडम ने अभिभावकों का सत्र लेते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अभिभावकों के लिए आवश्यक है कि जेनेरेशन को समझें, उनकी विशेषताओं को जानकर उसके अनुरूप अवसर प्रदान करें जिससे कि इस पीढ़ी के बच्चों में अन्तर्निहित असीम ऊर्जा का सदुपयोग किया जा सके। उन्होंने अभिभावकों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए एवं परवरिश से जुड़ी अनेक समस्याओं का समाधान भी किया।

कोई भी विद्यालय अभिभावकों से इस तरह के सत्रों के आयोजन का कोई वादा नहीं करता किन्तु वर्तमान परिदृश्य में इस तरह के सत्रों की अत्यधिक आवश्यकता है। संस्कृति विद्यालय सदैव से ही बच्चों के हित में काम करता आया है और विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के सत्र से अभिभावकों का सशक्तिकरण भी होता है। अभिभावकों ने सत्र की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यालय के डी सी आई एम क्लब के बच्चे भी शामिल हुए।सत्र के उपरांत उप प्राचार्या प्रतिभा पटेल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

हत्या सहित लूट के आरोपी को न्यायालय मुंगावली ने आजीवन कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के मुंगावली अपर सत्र न्यायालय द्वारा हत्या और लूट के प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दण्डित किया गया है। उल्लेखनीय है कि 14.03.2009 को मुंगावली थाना क्षेत्र में तारई चक्क स्थित पिपरई रोड़ घाटी पुलिया के पास सुधीर सर्राफ को कट्टे से गोली मारकर हत्या करने रूपयों से भरा बैग लूटने पर से अप.क्र. 84/09 धारा 302,394,25/27 आर्मस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया था संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध चालान न्यायालय मुंगावली में पेश किया गया था जो न्यायालय में विचाराधीन था। जिसका आरोपी रामपाल पुत्र ओमनरेश भदौरिया उम्र 44 साल निवासी ग्राम गढ़रौली थाना पिछोर जिला शिवपुरी का फरार हो गया था जो करीब 15 वर्षों से फरार चल रहा था।

उक्त निर्देशों के पालन में उक्त आरोपी रामपाल पुत्र ओमनरेश भदौरिया उम्र 44 साल निवासी ग्राम गढ़रौली थाना पिछोर जिला शिवपुरी को न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंट के पालन में 19.03.2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। जिसमें न्यायालय द्वारा शीघ्र सुनवाई कर दिनांक 22.08.2026 को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मुंगावली जिला अशोकनगर म०प्र० अजय नील करोठिया द्वारा न्यायालय में लंबित सत्र प्रकरण क्रमांक 195/2009 शासन विरूद्ध रामपाल आदि में निर्णय घोषित किया जिसमें आरोपी रामपाल पुत्र ओमनरेश भदौरिया उम्र 44 साल निवासी ग्राम गढ़रौली थाना पिछोर जिला शिवपुरी को धारा 302 भारतीय दंड संहिता में आजीवन करावास (शेष प्राकृत जीवनकाल तक) और 5000 रूपये अर्थदंड तथा अर्थदंड के व्यतिक्रम में 01 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 394 भारतीय दंड संहिता में 10 सश्रम कारावास और 2000 रूपये अर्थदंड तथा अर्थदंड के व्यतिक्रम में 06 माह का सश्रम कारावास, धारा 25 (1-बी) (ए) आयुध अधिनियम में 3 वर्ष सश्रम कारावास 1000 रूपये अर्थदंड तथा अर्थदंड के व्यक्तिक्रम में 3 माह का सश्रम कारावास एवं धारा 27 आयुध अधिनियम में 3 वर्ष सश्रम कारावास 1000 रूपये अर्थदंड के व्यक्तिक्रम में 3 माह का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।

अभा अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद ने जिले का सम्मेलन आयोजित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद द्वारा अशोकनगर जिले के समाजजनों का सम्मेलन आयोजित किया। इस आयोजन में समाज के कई वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में प्रमोद रघुवंशी सेवानिवृत मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल के मुख्य आतिथ्य एवं संगठन के प्रधान संरक्षक सीताराम काकाजी शाढ़ौरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कपिल रघुवंशी भरोली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संगठन के संयोजक श्याम कुमार सिंह रघुवंशी, रघुवंशी फर्नीचर, संजय सिंह रघुवंशी खेजरा संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, अमित रघुवंशी कूड़ई युवा संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में समाज जनों में रामबली घटावदा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, करणसिंह पूर्व मंडी अध्यक्ष सोनेरा, गजेन्द्र सिंह संदोह, बुन्देल सिंह सिंघा खेड़ी, सुरेंद्र सिंह मलावनी, गंगाराम सिंह नीलम सिंह डुंगसरा आदि वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। स्वागत भाषण वीरेंद्र सिंह शहबाजपुर द्वारा दिया गया, जिसमें स्वर्गीय बृजेंद्र सिंह पूर्व सरपंच महिदपुर के नाम संदीपनी स्कूल का नामकरण करने तथा उनकी प्रतिमा परिसर में स्थापित करने तथा रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस अतिक्रमण मुक्त कराने पर जोर दिया। कार्यक्रम को कार्यकारी जिला अध्यक्ष हरिसिंह,संजय खेजरा ,अमित कुडई, अशोक सिंह बागुलया, श्याम कुमार सिंह द्वारा संबोधित किया गया। मुख्य अतिथि प्रमोद रघुवंशी द्वारा अपने संबोधन में समाज की एकता पर बल दिया। अध्यक्षीय भाषण सीताराम काकाजी द्वारा दिया गया जिसमें बोर्डिंग हाउस कब्जा धरियो से अतिक्रमण मुक्त कराने पर बल दिया।

भगवान भोले शंकर का पूजन कर श्रद्धालुओं ने चुनरी यात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रावण महीना का महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें रविवार को एकादशी पर भोले शंकर का पूजन कर चुनरी यात्रा निकाली गई।

प्रातः 7.30 पर यादव कॉलोनी के समस्त श्रद्धालुओं एवं मां के भक्तों द्वारा चुनरी यात्रा की। पूजन श्री पंचमुखी हनुमान जी मंदिर पर श्री गणेश पूजन के साथ-साथ नवग्रह आदि दुर्गा देवी की पूजन की गई। समस्त भक्तों द्वारा यह शोभा यात्रा माता जानकी मैया करीला धाम को निकाली गई। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने एक होकर धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो का नारा लगाते हुए यहां से प्रस्थान किया। बाद में भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से अभिषेक किया गया। माता गौरी को भी श्रृंगार सामग्री भेंट की। प्रतिदिन की भांति गेंदा गुलाब के पौधा लगाकर उनकी देखभाल श्रद्धालुओं को दिया गया। दोपहर 11.30 बजे से 12 बजे तक हवन शांति की गई, शाम को मंगल मय में माता के भजनों की प्रस्तुति महिला संगीत में दी गई।


2025 में चंदेरी भ्रमण पर आए थे आरोपी, इस दौरान झांसे में लिया

फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर नौकरी लगवाने का झांसा देकर 9 लाख 80 हजार की ठगी करने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव एवं पुलिस टीम द्वारा फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर नौकरी लगवाने के नाम पर 9 लाख 80 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक को फरियादी द्वारा फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर नौकरी लगवाने के नाम पर 9 लाख 80 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने संबंधी शिकायत संज्ञान में आने पर मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी चंदेरी को उक्त प्रकरण में त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

उल्लेखनीय है कि फरियादी जयकुमार कोली निवासी पसियापुरा चंदेरी एवं विजय कुमार दुबे, ऋतिक शर्मा तथा राघव सोनी निवासी चंदेरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 7 अप्रैल 2025 को तृप्ति सिंह राजपूत, उसके भाई सुधांशु सिंह तथा उनके अन्य साथी तनुज बैश्य एवं अंजली सिंह चंदेरी



भ्रमण हेतु आए थे और किला कोठी में ठहरे थे। आरोपियों में से तृप्ति सिंह ने स्वयं को मप्र टूरिज्म विभाग की एडिशनल डायरेक्टर बताते हुए फरियादियों को प्रभावित किया था। इसके बाद आरोपियों द्वारा फरियादियों को सरकारी नौकरी लगवाने तथा अच्छा वेतन दिलाने का झांसा दिया गया। आरोपियों ने बताया कि नौकरी मानव संसाधन विकास मंत्रालय में लगेगी तथा तृप्ति सिंह ने स्वयं को उसका हेड बताया। नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपये प्रति व्यक्ति की मांग की गई। विश्वास में आकर फरियादियों ने 9 लाख 80 हजार रुपये नगद किला कोठी में आरोपियों को दिए गए तथा आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए। शेष 2 लाख रुपये बाद में देने की बात कही गई। रिपोर्ट पर थाना चंदेरी में बीएनएस के तहत



पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए।

पुलिस टीमों को सक्रिय किया: प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी चंदेरी के नेतृत्व में पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ-साथ तकनीकी संसाधनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। पुलिस के सतत एवं सघन प्रयासों के परिणाम स्वरूप किला कोठी होटल, चंदेरी से आरोपी तृप्ति सिंह पुत्री सुनील सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी संत आशाराम नगर, बाग मुगलिया, भोपाल एवं उसके भाई सुधांशु सिंह पुत्र सुनील सिंह राजपूत उम्र 23 वर्ष निवासी संत आशाराम नगर, बाग मुगलिया, भोपाल को महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में पुलिस अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी तनुज बैश्य एवं अंजली सिंह की तलाश जारी है।

पुलिस आरोपियों को कुंडली खगालने में लगी : पुलिस द्वारा इस प्रकरण की विवेचना की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों द्वारा इसी प्रकार किसी अन्य व्यक्ति को सरकारी अधिकारी अथवा प्रतिष्ठित संस्था का अधिकारी बनकर नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी तो नहीं की गई है।

बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा

पुत्रदा एकादशी पर खाटू धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब दूर-दूर से निशान लेकर पहुंचे हजारों श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मालवा के प्रसिद्ध श्री खाटू धाम मंदिर में पुत्रदा एकादशी के अवसर पर रविवार को बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु पैदल निशान यात्रा लेकर मंदिर पहुंचे और लंबी कतारों में लगकर बाबा श्याम के दर्शन किए। पुत्रदा एकादशी पर खुजनेर की सड़कों पर सुबह से ही श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर पैदल चलते नजर आए सुस्तानी, भंडावद, चातुखेड़ा, बखेड़ सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए निशान यात्राओं के साथ खाटू धाम पहुंचे रास्तेभर बाबा श्याम के जयकारों और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

मंदिर समिति के अनुसार, पुत्रदा एकादशी के अवसर पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भी दिनभर चहल-पहल बनी रही। भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

समिति ने बांटी 500 किलो फरियाली चिप्स

श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मंदिर समिति की ओर से करीब 500 किलो फरियाली चिप्स का प्रसाद वितरण किया गया के पुत्रदा एकादशी पर खुजनेर नगर बाबा श्याम की भक्ति में रंगा नजर आया देर शाम तक जगह-जगह श्याम भजनों और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही श्री खाटू श्याम का भव्य आकर्षक श्रृंगार एवं महाआरती की गई।

पुत्रदा एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का एक लाख भक्तों ने किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा। सावन मास की पुत्रदा एकादशी के अवसर पर रविवार को शहर के उत्तर दिषा में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर समिति के अनुसार, दिनभर में एक लाख से अधिक भक्तों ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर 'जय श्री श्याम' और 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारे गूंजते रहे।

भगवान विष्णु को समर्पित मानी जाती है पुत्रदा एकादशी

श्रावण शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी का धार्मिक महत्व विशेष है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। श्रद्धालु संतान सुख, संतान के कल्याण और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से यह व्रत रखते हैं। पुत्रदा एकादशी के अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगला आरती के साथ ही दर्शन का क्रम प्रारंभ हो गया। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिनभर लगी रहीं। बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया और मंदिर में भव्य दरबार सजाया गया था। बाबा का श्रृंगार और मंदिर की आकर्षक सजावट उज्जैन से मंगवाए गए लगभग 51 किलो ताजे फूलों से की गई थी। रंग-बिरंगी रोशनी और विद्युत सज्जा से मंदिर परिसर की भव्यता बढ़ गई थी। दर्शन के साथ ही श्रद्धालु भजन-कीर्तन में शामिल हुए और अपनी मनोकामनाएं बाबा के चरणों में अर्पित कीं। पुत्रदा एकादशी के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों और आसपास के गांवों से निशान यात्राएं निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे। इन यात्राओं में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बाबा के निशान लेकर पंहुचे भक्तों ने किया अर्पित

हाथों में निशान लिए श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारे लगाए और मंदिर पहुंचकर उन्हें अर्पित किया। कई भक्त संतान सुख, संतानों के उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना के साथ बाबा के दरबार में पहुंचे थे। श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनजर मंदिर समिति, पुलिस, प्रशासन, नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभालीं। दर्शन के लिए कतार व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात को सुचारु बनाए रखने हेतु विशेष इंतजाम किए गए थे। मंदिर और आसपास के प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मी तथा स्वयंसेवक तैनात रहे।

सड़क निर्माण का भूमि पूजन

सुठालिया रोड व मन्नत सिटी की कनेक्टिविटी होगी बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



ब्यावरा नगर विकास को गति देने की दिशा में ब्यावरा नगर पालिका द्वारा एक और महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। नगर के वार्ड 10 में क्लब ग्राउंड के पीछे से सुठालिया रोड और मन्नत सिटी को जोड़ने वाली सड़क का विधिवत भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की।

प्रस्तावित सड़क के निर्माण से क्लब ग्राउंड के पीछे का क्षेत्र सीधे सुठालिया रोड और मन्नत सिटी से जुड़ जाएगा। इससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही आसपास के रहवासी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। सड़क बनने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन के लिए वैकल्पिक और सुविधाजनक मार्ग भी उपलब्ध होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद इकबाल हुसैन, अजय ठाकुर, सूरज दांगी, नीरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पवन कुशवाह ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। बेहतर सड़कें और मजबूत कनेक्टिविटी शहर के विकास की आधारभूत जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद वार्ड 10 के रहवासियों के साथ आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। स्थानीय नागरिकों ने भी सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका कहना है कि इस सड़क के बनने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। नगर में सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों के क्रम में यह निर्माण कार्य वार्ड 10 के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सड़क के निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ भविष्य में होने वाले विकास कार्यों के लिए भी बेहतर आधार तैयार होगा।



बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बिजली विभाग की मनमानी के चलते ग्रामीणों ने परेषानियों का सामना करते-करते आखिर गुस्ता फूटकर हाईवे पर आ पहुंचा और बाईहेड़ा जोड पर नरसिंहगढ़-ब्यावरा हाईवे जाम कर दिया। नाराज बाईहेड़ा, बरखेड़ी सहित 3-4 गांवों के ग्रामीणों ने रविवार को नरसिंहगढ़-ब्यावरा हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना सूचना के घंटों तक बिजली काट दी जाती है। ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर हाईवे जाम कर दिया। देखते ही देखते हाईवे के दोनों ओर ट्रक, बस और कंटेनरों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती हो रही है, खेतों की मोटरें नहीं चल पा रही हैं और घरों में अंधेरा पसरा है। कई बार शिकायत के बाद भी विभाग सुनवाई नहीं कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस के समझाने पर भी ग्रामीण जाम खोलने को तैयार नहीं हुए। स्थिति को देखते हुए मौके पर 4 थानों का पुलिस बल तैनात करना पड़ा। आखिरकार विद्युत विभाग के डीजीएम ब्यावरा, तहसीलदार नरसिंहगढ़ और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण माने। अधिकारियों ने जल्द ही लाइट जोड़ने और निर्बाध बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खोला गया और वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी।

मारुति नंदन मंदिर में नटराज प्रतिमा का भव्य अनावरण



नरसिंहगढ़। नगर के प्रमुख मारुति नंदन मंदिर परिसर में रविवार को भगवान नटराज की भव्य प्रतिमा का अनावरण विधायक मोहन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रतिमा ओमकार सेवा मंडल द्वारा मंदिर को भेंट की गई है। अनावरण के साथ ही मंदिर परिसर के बगीचे में लगाए गए झूलों का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंदिर के निर्माण एवं आगामी विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि मारुति नंदन मंदिर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के लिए आस्था, शांति एवं आनंद का प्रमुख केंद्र है। मंदिर परिसर के विकास से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष संजय भावसार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, शिव वैध सहित मंदिर समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बाजार मूल्य के मान से लाखों की कीमती जमीन कब्जे में, पटवारी बोले रेशम केंद्र की है जमीन

आनंद विहार में कालोनाइजर ने शासकीय जमीन से बनाया रास्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर में इन दिनों अवैध व वैध कालोनियों का मकड़ जाल बन रहा है इन कालोनियों को विकसित करने एवं अनुमति देने के लिए अनेक आवश्यक दस्तावेज की जरूरत होती है। दस्तावेज के राजस्व विभाग भौतिक सत्यापन भी करता है तब कहीं जाकर कालोनी की परमिशन होती है लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि नगर के वार्ड 18 में आगर रोड पर विकसित की जा रही आनंद विहार कॉलोनी को किस आधार पर स्वीकृति दी गई यह समझ से परे है। इस कालोनी को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी तक पहुंचने के लिए रेशम विभाग की शासकीय जमीन से रास्ता निकाल दिया गया है। बिना अनुमति शासकीय भूमि का उपयोग किए जाने के आरोपों के बाद अब कॉलोनी की विकास अनुमति और संबंधित विभागीय प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

इनका कहना हैं

आपके द्वारा जानकारी मिली है पटवारी को भेज कर जांच करवाता हूं, अगर किसी गलत पाया गया तो दोषियों पर कार्रवाही की जाएगी।
-कपिल शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर

प्रशासन की साठगाठ से रेशम विभाग की जमीन पर बनाया रास्ता

आगर रोड पर आनंद विहार कॉलोनी का निर्माण कार्य चल रहा है। कॉलोनी के सामने रेशम विभाग की जमीन स्थित है। आरोप है कि इसी जमीन के हिस्से से कॉलोनाइजर ने कॉलोनी के लिए रास्ता तैयार कर लिया। मौके पर रास्ते के निर्माण के साथ मुरम मिट्टी सहित अन्य सामग्री भी दिखाई दे रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि शासकीय जमीन का उपयोग रास्ते के लिए किया गया है तो इसके लिए अनुमति किस ने दी। या फिर प्रषासन की आपसी साठगांठ से ही कालोनाईजर ने रास्ता निकाल दिया। स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठ रहे हैं कि यदि कॉलोनी के लिए निजी रास्ता उपलब्ध नहीं था, तो कॉलोनाइजर को विकास अनुमति किस आधार पर मिली। कॉलोनी विकास के लिए निर्धारित मापदंडों और आवश्यक सुविधाओं की जांच के बाद ही अनुमति दिए जाने का प्रावधान है। ऐसे में अब संबंधित विभाग की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है।

कालोनी के लिए बनाया रास्ता निजी नहीं

इस संबंध में जब हल्का पटवारी राधेश्याम भिलाला से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि कॉलोनी का रास्ता निजी नहीं है। जिस जमीन से कॉलोनाइजर ने सड़क निकाली है, वह रेशम विभाग की जमीन है। पटवारी के इस बयान के बाद मामला और गंभीर हो गया है। अब सवाल यह है कि शासकीय जमीन से रास्ता निकालने के लिए कॉलोनाइजर द्वारा संबंधित विभाग से अनुमति ली गई थी या नहीं। यदि अनुमति नहीं ली गई है तो प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है, यह देखने वाली बात होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे मामले की राजस्व विभाग एवं संबंधित विभाग द्वारा मौके पर जांच कर देखना चाहिए। साथ ही कॉलोनी की विकास अनुमति, नक्शे और शासकीय भूमि के उपयोग से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच होनी चाहिए, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। वही पूर्व में भी इस कॉलोनी की शिकायत हुई थी और तत्कालीन तहसीलदार ने रेशम विभाग की जमीन कालोनाइजर से मुक्त कराकर नाली खुदवा दी थी लेकिन उसके बाद भी कालोनाइजर ने रास्ता निकाला लिया।

पत्नि की हत्या करने वाले दोषी को आजीवन कारावास



राजगढ़। जिले के खुजनेर थाना में दर्ज किए गए आपराधिक प्रकरण में जिला न्यायालय में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश लखनलाल गोस्वामी ने अपने न्यायालय के प्रकरण में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त प्रखर उपाध्याय निवासी खुजनेर को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक /उपनिदेशक अभियोजन आलोक श्रीवास्तव के द्वारा की गई। जिसमें बताया कि गया दिनांक 04.03.24 को फरियादी गौतम दुबे ने थाना खुजनेर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी भांजी वंदना की शादी 3 साल पहले खुजनेर के प्रखर उपाध्याय से की थी। उसके बाद से ही प्रखर और वंदना के बीच लडाई झगडे चल रहे थे। 8 महीने पहले दोनों के बीच लडाई हुई थी तो मेरे दामाद उदयभानु और वहन रेखा खुजनेर आये और आपसी समझाईस देकर वंदना को उसके ससुराल खुजनेर छोड कर चले गए। उसके बाद रात्रि में मोबाइल चलाने की बात पर पत्नि ने आरोपी को टोका टाकी की थी जिसके कारण गुस्से में आकर उसने लोहे की राड से पत्नि वंदना के सिर में 3 बार मारी वह पलंग पर ही गिर गई उठाने की कोशिश की नही उठी तो एयर पिस्टल से पत्नि के ऊपर फायर कर दिया। अभियुक्त प्रखर ने लोहे की राड एयर पिस्टल, कपडे और चादर के विषय में जानकारी दी थी जिन्हें अभियुक्त प्रखर के कमरे की छान(स्वजि) तथा पलंग के नीचे से जप्त किया गया। न्यायालय के समक्ष अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने लिखित बहस प्रस्तुत करते अपने तर्क प्रस्तुत किये और माननीय न्यायालय का ध्यान आकृष्ट कराया कि अभियोक्त्री को बेडरूम में बंदूक से फायर कर मार दिया था बेडरूम में केवल दोनों (अभियुक्त पति और मृतिका पत्नि) मौजूद थे इस कारण प्रकरण पूर्णतः परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित है जिसे अभियोजन ने न्यायालय के समक्ष संदेह से परे प्रमाणित किया है। जिसके आधार पर न्यायालय द्वारा अभियुक्त प्रखर उपाध्याय को धारा 302 भादवि हत्या के अपराध में आजीवन कारावास और 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

नए पुल निर्माण के चलते जय नगर चौराहा पर लगा जाम



सारंगपुर। पुराने एबी रोड पर नए पुल के निर्माण कार्य के चलते जय नगर चैराहा इन दिनों यातायात अव्यवस्था का केंद्र बन गया है। निर्माण कार्य के कारण सड़क का बड़ा हिस्सा प्रभावित होने से वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। रविवार को यहां हालात इतने बिगड़ गए कि सैकड़ों वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे। जाम में एम्बुलेंस सहित बस, कार, ट्रैक्टर, दोपहिया और अन्य वाहन भी फंसे नजर आए। मौके की तस्वीरें यातायात व्यवस्था की बदहाल स्थिति को बयां कर रही हैं। निर्माण स्थल पर न तो पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम दिखाई दे रहे हैं और न ही यातायात को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। लोगों का आरोप है कि पुल निर्माण कंपनी द्वारा यातायात व्यवस्था संभालने के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि जाम में एम्बुलेंस के फंसने से आपात स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो सकता है। सलोगों ने मांग की है कि निर्माण स्थल पर तत्काल सुरक्षा गार्ड एवं यातायात कर्मियों की तैनाती की जाए तथा वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए, ताकि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को परेशानी न हो।

बिजली व समस्याओं को लेकर दिग्विजय सिंह से मिले



हरिभूमि न्यूज.सारंगपुर। क्षेत्रीय जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र में लगातार गहराते संकटों और आम जनता को हो रही परेशानियों से उन्हें अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव कमल सिंह राणा के साथ दीपक कुमार प्रजापति और दिनेश पुरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि सारंगपुर क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीण और शहरी जनता बेहाल है। इससे घरेलू कामकाज के साथ-साथ व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। किसानों को प्राकृतिक आपदा और मौसम की मार से हुए नुकसान का अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने फसल बीमा योजना का लाभ जल्द से जल्द किसानों के खातों में ट्रांसफर करने की मांग उठाई। कई इलाकों में पीने के पानी की भारी किल्लत है। जल संकट के कारण लोगों को दूर-दूर से पानी लाने पर मजबूर होना पड रहा है। प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद दिग्विजय सिंह ने आश्वासन दिया कि इन सभी ज्वलंत मुद्दों को शासन-प्रशासन के सामने मजबूती से उठाया जाएगा और जनता को राहत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

भाजपा पार्षद चंद्रशेखर का हृदय गति रुकने से निधन



माचलपुर। नगर के भाजपा पार्षद चंद्रशेखर मारू का शनिवार रात हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात चंद्रशेखर मारू ने सीने में हल्के दर्द की शिकायत की थी। परिजन उन्हें उपचार के लिए नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें झालावाड़ रेफर कर दिया। झालावाड़ ले जाते समय रास्ते में ही उन्होने ने दम तोड दिया। चंद्रशेखर मारू मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी और समाजसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते थे। वे नगरवासियों के सुख-दुख में सदैव सहभागी रहते थे। उनके आकस्मिक निधन से परिवारजनों के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों में गहरा शोक व्याप्त है। रविवार सुबह स्थानीय मुक्तिधाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र ऋषभ मारू ने मुखाग्नि दी। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक हजारीलाल दांगी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और नगरवासी उपस्थित रहे।

हिंदू उत्सव समिति की तैयारी, घर-प्रतिष्ठानों के सामने होगा स्वागत

बाबा बैजनाथ की शाही पालकी यात्रा आज, प्रजा का हाल जानने भ्रमण पर निकलेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

सावन के आखिरी सोमवार पर आज नगर में बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव की शाही पालकी नगर भ्रमण को निकलेगी। हिंदू उत्सव समिति द्वारा पालकी यात्रा के धार्मिक आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस दौरान सुबह 11 बजे बड़ा महादेव मंदिर में बाबा बैजनाथ का अभिषेक और महाआरती होगी। इसके बाद बाबा को विधिवत पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। पालकी यात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी, जहां महाआरती के साथ आयोजन का समापन होगा। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा सहित समिति के सदस्यों, बैजनाथ सेना और महादेव सेना ने नगरवासियों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष सावन के आखिरी सोमवार को निकालने वाली इस पल की यात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाता है।



हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल : सावन के आखिरी सोमवार पर नगर के प्राचीन शिवालयों पर भगवान भोलेनाथ के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं के भारी भीड़ जुटने की संभावना है। जिसको लेकर प्रशासन भी व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है। ज्ञात रहे की सावन के तीसरे सोमवार को नगर में 50 से अधिक कांवड़ यात्राएं पहुंची थीं। कांवड़ियों ने विभिन्न नदियों का जल लाकर बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक किया था। वहीं पिछले सोमवार को बाबा के दर्शन के लिए एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। सावन के आखिरी सोमवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस दौरान नगर के छोटा महादेव, जल मंदिर, गुप्तेश्वर महादेव, खजूर पानी महादेव, नादेश्वर महादेव सहित अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है।

बलवट पुरा चैराहे पर लगेगा लंगर : सावन के चैथे सोमवार पर ओमकार सेवा मंडल की ओर से बलवटपुरा चैराहे पर लगातार 12 वे वर्ष भव्य लंगर का आयोजन किया जाएगा। मंडल के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं के लिए फलाहारी खिचड़ी, हलुआ, फल और चाय की सेवा उपलब्ध रहेगी।